# बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना आठ सितंबर को अजमेर आएंगी

## सुरक्षा व्यवस्था के रहेंगे कड़े इंतजाम, जियारत के दौरान दरगाह होगी खालीः आईजी सिंह

**अजमेर,** (कासं)। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के 8 सितंबर के प्रस्तावित अजमेर दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजामों को लेकर मंगलवार को अजमेर रेंज आईजी रूपिंदर सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।

अजमेर में उनकी सुरक्षा के लिए 6 आईपीएस, 12 एएसपी, पुलिस अधिकारी सहित डेढ़ हजार से अधिक पुलिस के जवानों को लगाया जाएगा। सूफी संत ख्वाजा साहब की दरगाह जियारत के दौरान दरगाह परिसर को परी तरह खाली कराया जाएगा।

अजमेर रेंज आईजी रूपेन्द्र सिंह ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में मीडिया कर्मियों को बताया कि बांग्लादेश की



प्रेस वार्ता में जानकारी देते आईजी रूपेन्द्र सिंह।

प्रधानमंत्री शेख हसीना 8 सितंबर को अजमेर यात्रा पर आ रही हैं, उनके साथ एक प्रतिनिधिमंडल भी दरगाह में हाजिरी देकर जियारत करेगा।

पीएम हसीना अजमेर पहुंचने पर सबसे पहले सर्किट हाउस पहुंचेंगी और विश्राम करने के बाद प्रतिनिधिमंडल के साथ दरगाह जियारत के लिए जाएंगी और दरगाह जियारत के बाद पुन सर्किट हाउस पहुंचेंगी, जहां विश्राम करने के बाद अजमेर से जयपुर के लिए रवाना होंगी। आईजी सिंह ने कहा कि पीएम हसीना की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं किसी तरह

■ **डेढ़ हजार पुलिस कर्मी होंगे सुरक्षा में तैनात**

की कोई चूक न हो, इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, साथ ही पुलिस मुख्यालय से भी अतिरिक्त पुलिसकर्मियों का जाप्ता मांगा गया है, जिसमें आरएसी की टुकड़ी सहित अन्य जिलों से आने वाला पुलिस जाप्ता भी शामिल है।

**दरगाह परिसर होगा खाली:-** आईजी सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर दरगाह परिसर को पूरी तरह खाली कराया जाएगा, जियारत के समय कोई परेशानी न हो, साथी मुख्य मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहेंगे, मार्ग पर हथियारबंद जवानों को लगाया जाएगा। पीएम हसीना के काफिले के गुजरने के दौरान मार्ग पर निकलने वाली सभी गलियों को भी बंद कर यातायात को डाइवर्ट किया जाएगा । दरगाह के आसपास की ऊंची इमारतों पर हथियारबंद सुरक्षाकर्मी दूरबीन के साथ तैनात रहेंगे जो आसपास के क्षेत्र में पूरी निगरानी रखेंगे।

आईजी सिंह ने बताया कि शेख हसीना की दरगाह जियारत के समय फव्वारा सर्किल से लेकर देहली गेट होते हुए दरगाह बाजार तक की सभी दुकानों व मकानों को कुछ देर के लिए बंद रखा जाएगा। किसी भवन, मकान, दुकान, होटल व गेस्ट हाउस की बालकनी पर भी लोगों के खड़े रहने पर पाबंदी रहेगी। सिर्फ जिला प्रशासन की ओर से जारी पासधारियों को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी।

# सड़क हादसे में पति-पत्नी और बेटे की मौत

## डंपर ने कार को मारी टक्कर, बच्चे का एक दिन पहले था बर्थ-डे

**डूंगरपुर,** (निसं)। तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से आज सुबह मां-बेटे समेत तीन की मौत हो गई। तीनों लोग कार में सवार थे। टक्कर के बाद तालाब में गिर गई। जिसके बाद आस.पास के लोग उन्हे निकालकर हॉस्पीटल लेकर गए, लेकिन तब तक तीनों दम तोड चुके थे। जानकारी के अनुसार मृतक बच्चे ने सोमवार को ही अपना बर्थ.डे मनाया था।

हादसा बांसवाडा के लोहारिया थाना क्षेत्र के पालोदा में सुबह 8 बजे हुआ। जानकारी अनुसार अमृतिया के रहने वाले मिनी बैंक व्यवस्थापक हरवीर सिंह चुंडावत पुत्र तेज सिंह कार से आसपुर से बांसवाडा जा रहे थे। इस दौरान उनके साथ उनके दोस्त की बेटी कृष्णा कुंवर और उसका बेटा पीटर भी था। रास्ते में पालोदा तालाब के पास तेज स्पीड में आ रहे डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। जहां बैलेंस बिगडने पर कार तालाब में जा गिरी। चीखने-चिल्लाने और तेज आवाज के बाद मौके से गुजर रहे लोग दौडे।

तीनों को कार से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सागवाडा लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। बच्चे का एक दिन पहले था बर्थ.डे हादसे का शिकार हुए 8 साल के पीटर का सोमवार को ही बर्थ.डे था। दूसरे दिन ही उसकी मौत हो गई। उसके पिता गजराज सिंह कुवैत में नौकरी करते है । जबकि बहन गढ ानाथ जी में मामा के पास रहती है। वहीं मृतक हरवीर का एक बेटा युद्धवीर सिंह और एक बेटी सुमन है। युद्धवीर जयपुर में रहकर रीट की तैयारी कर रहा है। जबकि बेटी सुमन प्राईवेट बीए प्रथम वर्ष में पढ ाई कर रही है। हरवीर के पिता रिटायर थानेदार हैं।

# बूंदी जिला कलेक्टर ने मानव सेवार्थ किया रक्तदान



गर्भवती महिला के लिए रक्तदान करते जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी।

**बूंदी,** (निस)। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने मंगलवार को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक पहुंचकर मानव सेवार्थ रक्तदान कर आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

मानव सेवार्थ किए गए जिला कलक्टर के रक्तदान से 9 माह की परित्यकता गर्भवती अंजलि का जीवन सुरक्षित हो सका।मंगलवार को नैनवां तहसील के बाक्या गांव निवासी ओमप्रकाश मीणा ने जिला कलक्टर से मिलकर बताया कि उसकी परित्यकता पुत्री गर्भवती है और कभी भी प्रसव हो सकता है। चिकित्सक ने चार यूनिट ब्लड की आवश्कता बताई है। बड़ी मुश्किल से वह एक यूनिट ब्लड का इंतजाम कर पाया और अब ब्लड की व्यवस्था करने में असमर्थ है।

इस पर जिला कलक्टर ने मानवीय संवेदना जताते हुए स्वयं ही रक्तदान करने का निर्णय लिया। इसके बाद जिला कलक्टर ने अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। अपनी गर्भवती पुत्री के लिए जिला कलक्टर द्वारा किए गए रक्तदान के लिए ओमप्रकाश मीणा ने जिला कलक्टर को हृदय से आभार जताया और उनके मानव सेवा के जज्बे को खूब सराहा।

'रक्तदान के दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि रक्तदान कर उन्हें बड़ी खुशी मिल रही है कि उनका रक्त किसी के काम आया और वह जरुरतमंद के लिए सहायक बने। उन्होंने कहा कि रक्त को बनाया नहीं जा सकता है। रक्त मानव से लेकर ही मरीज को चढ़ ाया जाता है। इसलिए हर किसी को रक्तदान करना जरुरी है। जरुरतमंदों की मदद करने से आत्मसंतुष्टि भी मिलती है। नियमित रुप से रक्तदान करने से शरीर भी स्वस्थ रहता है और बीमारियां भी दूर रहती है। हर व्यक्ति को एक वर्ष में कम से कम तीन बार रक्तदान करना चाहिए जिससे की मानव सेवार्थ की मदद के साथ ही अपने शरीर को भी स्वस्थ्य रखा जा सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है।'

## ब्यावर में चल रहे लम्पी रेस्क्यू सेंटर

**ब्यावर,** (निसं)। उपखण्ड अधिकारी राहुल जैन के मार्गदर्शन में शहर में पशुपालन विभाग , नगर परिषद , वंदे गौ मातरम ट्रस्ट एवं विभिन्न सामाजिक संगठन, भामाशाह के माध्यम से लम्पी रोग ग्रस्त गौवंशों का आइसोलेशन एवं उपचार किया जा रहा है।

उपखण्ड अधिकारी के मार्गदर्शन में शहर में लम्पी ग्रस्त गौवंशों को इलाज समय पर मिल रहा है। शलभ टंडन कोऑर्डिनेटर एलएसडी ने बताया कि लंपी ग्रस्त गायों को चिन्हित करने के उपरांत नगर परिषद द्वारा गठित टीमों द्वारा शहर के अलग-अलग दिशाओं में रेस्क्यू सेंटर्स पर आइसोलेट एवं उपचार हेतु भेजा जा रहा है। आइसोलेशन सेंटर पर पशुपालन विभाग द्वारा प्रस्तावित दवाइयों एवं आयुर्वेदिक लड्डू के माध्यम से सभी लंपी ग्रस्त गौवंशों का सफलतापूर्वक उपचार चल रहा है। रेस्क्यू सेंटर सेंदड़ा रोड, अजमेर रोड एवं विजय नगर रोड कांजी हाउस में सभी आवश्यक सुविधाएं दवाइयां एवं मृत गोवंशों का प्रोटोकॉल के अनुसार निस्तारण की व्यवस्थाएं की गई हैं।

# सचिन पायलट का जन्मदिन मनाया



पायलट के जयपुर निवास पर जन्मदिन मनाया गया।

**करौली,** (निसं.) । राजस्थान सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और टोंक विधायक सचिन पायलट का 45 वां जन्मदिन उनके जयपुर निवास सिविल लाइन पर धूमधाम से मनाया।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस सेवादल महासचिव और पूर्व जिला परिषद सदस्य आरती मीना के नेतृत्व मे टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र से 50 गाडियों का काफिला जयपुर पहुंचा और सचिन पायलट को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। आरती मीना के साथ आये कार्यकर्ताओं ने मेडिया काडावत खटाना के साथ गोठ गायन कर खुशियां जाहिर की। कांग्रेस महासचिव आरती मीना ने बताया की आज बुधवार 7 सितम्बर को सचिन पायलेट के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे टोडाभीम विधानसभा क्षेत्र मे सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण किया जाएगा।

## आज से टेबल टेनिस चैम्पिनशिप आरम्भ

**चूरू,** (कासं)। तृतीय राजस्थान राज्य रेंकिग टेबल टेनिस चौम्पिनशिप प्रतियागिता खेलो इंडिया सेन्टर, जिला स्टेडियम, चूरू में 7 सितम्बर से प्रारम्भ हो रही है। इसमें राजस्थान के बालक एवं बालिकाओं की संख्या 300 से अधिक होगी व 50 तकनिकी अधिकारियों के सानिध्य में आयोजित होगी। जिला टेबल टेनिस संघए चूरू सचिव ध्रुव पूनिया के अनुसार विभिन्न जिलो के खिलाडी एवं तकनिकी अधिकारीए चूरू पहुच चुके है। 07 सितम्बर को अडर 11 एवं अडर 13 बालक बालिकाओं के मुकाबले आयोजित होगे। सायं 7.00 बजे इन विजेता खिलाडियों को जिला टेबल टेनिस संघ के ओर से सुरेश् पुनिया एवं समाज सेवी यशपाल रण्णवा के द्वरा पुरस्कार वितरित किये जाऐगे। 08 सितम्बर को अण्डर 16 एवं 17 बालक एवं बालिकाओं के मुकाबले आरम्भ होगे खिलाडियों की सुविधाओं को मध्यनजर रखते हुऐ खाने की व्यवस्था जिला स्टेडियम में ही की गई है। प्रतियोगिता 07 से 11 सितम्बर 2022 तक चलेगी।

# केन्द्रीय मंत्री प्रधान को पीड़ितों ने दिया ज्ञापन

**कोटा,** (निसं)। केन्द्रीय शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का रास्ता रोक कर आदर्श क्रेडिट को आपरेटिव पीड़ित संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने ज्ञापन देकर 21 लाख लोगों का 18 हजार करोड़ रूपया वापस लौटाने की मांग केंद्र सरकार से की।

तलवंडी से केन्द्रीय मंत्री के गुजरने के रास्ते में भाजपा के दुपट्टा पहना कर ढ ोल बजा कर हमारा धन वापस लौटाओ, हम हमारा हक मांगते नहीं, नहीं किसी से भीख मांगते आदि नारे लगते हुए आदर्श पीड़ितों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की उपस्थिति में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि कोटा समेत् देश भर के 21 लाख निवेशकों ने 807 शाखाओं के माध्यम से अपने जीवन की खरी कमाई सरकार से प्रमाणित सोसायटी में जमा कराई। सरकार ने वित्तीय अनियमितताओं के चलते आदर्श क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी के संचालकों को 3 साल से गिरफ्तार कर रखा है लेकिन उससे पीड़ितों का धन वापस नहीं मिल रहा। प्रधानमंत्री व केन्द्रीय



आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव के पीड़ितों ने अपना पैसा लौटाने की मांग को लेकर मंत्री प्रधान को ज्ञापन दिया।

सहकारिता मंत्री को हजारों ज्ञापनों के माध्यम से मांग उठाई गई लेकिन कोई नतीजा नहीं निकाल सकी केंद्र सरकार। सोसायटी के चार हजार कर्मचारी तथा 4 लाख कार्यकर्त्ता बेरोजगार हो गए। इसी बीच पंजाब राज्य के स्टेट कंज्यूमर कमीशन चंडीगढ़ के प्रेसीडेंट जस्टिस ने एक बिल्डर को पुलिस हिरासत में खते हुए भुगतान करने के आदेश जारी किए। उसी आधार पर आदर्श संचालकों से भुगतान कराया जाए। राज्य में भी कोटा समेत कई उपभोक्ता अदालतों ने भुगतान के आदेश दे रखे है। उनकी पालना सुनिश्चित कराई जाए और पीड़ित परिवारों को राहत प्रदान की जाए। तभी आपका कोटा आना सार्थक माना जाएगा। ज्ञापन देने वालों में समिति के अध्यक्ष हरीश शर्मा, सचिव सीएम वर्मा, ओपी श्रीवास्तव, बहादुर सिंह हाड़ा, मोहन मुरारी सोनी, एमबी शांडिल्य, उषा देवी, हेमारात आदि कई महिला सदस्याऐं भी मौजूद रही। स्थानीय पार्षद सुदर्शन गौतम आदि भाजपा सदस्यों ने भी मांग का समर्थन किया।

## राजनैतिक द्वेषता से नहीं दिए पेयजल कनेक्शन

**हनुमानगढ़,** (निसं)। बावरियोंवाली ढाणी चक सात जेआरके के वाशिंदों ने राजनीतिक द्वेषता के चलते ढाणी में पेयजल कनेक्शन नहीं देने का आरोप लगाया है। वाशिंदों ने मंगलवार को अम्बेडकर जन जागृति मंच के बैनर तले कलक्ट्रेट में एकत्रित होकर सरपंच के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद कलेक्टर के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बावरियोंवाली ढ ाणी डबलीबास मिड्ढा रोही के चक 7 जेआरके, 8 जेआरके व 9 जेआरके में पानी की पाइप लाइन बिछाई जा रही है। चक 7 जेआरके में करीब 7-8 परिवार वर्तमान में निवास कर रहे हैं, जो करीब 40 सालों से खेत में ढ ाणी बनाकर रह रहे हैं। इन परिवारों को राजनीतिक द्वेषता के चलते बेवजह पेयजल कनेक्शन से वंचित किया जा रहा है, जबकि उनकी ढ ाणी के समीप ही 7 जेआरके में भी पानी की पाइप से कनेक्शन दिए गए हैं, लेकिन ढाणी में बने 7-8 घरों को छोड़ दिया गया है।

ग्रामीणों ने पेयजल कनेक्शन नहीं दिए जाने के संबंध में सरपंच से बात की तो सरपंच ने कहा कि उन्होंने वोट नहीं दिए, इसलिए वे उनकी ढ ाणी में पाइप लाइन से पानी का कनेक्शन नहीं करवाएंगे। पीएचईडी के जेईएन ने भी ढ ाणी में पानी कनेक्शन करने से मना कर दिया और कहा कि उनकी ढाणी उनके क्षेत्राधिकार में नहीं आती है। ग्रामीणों ने सरपंच और जेईएन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चक के वाशिंदों को पेयजल का कनेक्शन दिलाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस संबंध में किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# सुखाड़िया विवि. के छात्रों पर पुलिस ने भांजी लाठियां

■ **दो छात्र नेता समेत 7 छात्र हिरासत में लिए गए**

**उदयपुर,** (का.सं.)। छात्र संगठन एबीवीपी और एनएसयूआई के नेतृत्व मंगलवार को सुखाड़िया विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के बाहर अपनी विभिन्न मांगो को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने प्रशसनिक भवन में जबरन घुसने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने हल्का बाल प्रयोग कर छात्रों को खदेडा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाल ही में घोषित स्नातक स्तरीय परीक्षा परिणामो से छात्र संतुष्ट नही है।बताया जा रहा है की इन परीक्षाओ में 50 प्रतिशत छात्रों को अनुतीर्ण किया गया है। इतनी संख्या में फैल होना छात्रों के गले नही उतर रहा है। प्रमुख तौर परीक्षा परिणाम को संशोधित करने के साथ अन्य कई और मांगो को लेकर छात्रों ने आज एबीवीपी और एनएसयूआई के नेतृत्व में सुखाड़िया विवि के प्रशासनिक भवन का बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ छात्र भी आपस में उलझ गये। छात्रों ने कुलपति को बाहर आकर छात्रों की समस्या सुनने की मांग मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी की। माहौल गर्माता देख कर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने पुलिस बुलवा ली। पुलिस को देख कर छात्र और अधिक भड़क गए और पुलिस की मौजूदगी में जबरन प्रशासनिक भवन में घुसने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने लाठिया भांजते हुए छात्रों को परिसर से खदेड़ा। इस दौरान कुछ छात्रों को मामूली चोंटे भी आई। पुलिस ने शांति भंग के आरोप में छात्र नेता रौनकराज सिंह और अविनाश कुमावत सहित सात छात्रों को हिरासत में लिया है।

इधर मामले को लेकर कॉमर्स कॉलेज की अध्यक्ष मूमल चुण्डावत का कहना है किग छात्र इस प्रकार का आन्दोलन करते रहे है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है। इसके लिए पुलिस को बुलाना और फिर पुलिस द्वारा छात्रों पर बल प्रयोग करना सर्वथा अनुचित है। चुण्डावत ने प्रशासन के इस कृत्य की सरकार से शिकायत करने की बात भी कही। इधर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार सी.आर.देवासी का कहना है कि छात्र परिणाम से असंतुष्ट है तो उसकी एक निश्चित प्रक्रिया है। इसके लिए एक कमेटी गठित की जायेगी जो परिणाम संशोधन के निर्णय पर विचार विमर्श करेगी।

# गृहमंत्री की रैली और रोलपा की भजन संध्या को लेकर रावण का चबूतरा मैदान पर विवाद

■ **10 सितंबर को गृहमंत्री की रैली और 7 तारीख को रोलपा की भजन संध्या का कार्यक्रम है**

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में रावण का चबूतरा मैदान पर आयोजन को लेकर आज नया विवाद खड़ा हो गया है। मंगलवार को मामला नगर निगम तक पहुंच गया। यहां गृहमंत्री अमित शाह की रैली और रोलपा की भजन संध्या को लेकर भाजपा और रालोपा में विवाद हो गया है।

मंगलवार सुबह 10:30 बजे दोनों पक्षों को बैठक भी बुलाई गई। लेकिन, सहमति नहीं बनी । दरअसल, 10 सितंबर को रावण के चबूतरा पर केन्द्रित गृहमंत्री अमित शाह की सभा है। भाजपा रविवार को ही भूमि पूजन कर तैयारियां शुरु कर चुकी है। लेकिन, इससे पहले यहां 7 तारीख को गणपति महोत्सव पर भजन संध्या है । जिसमें रालोपा सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल मुख्य अतिथि है। इधर, जब भजन संध्या के लिए आयोजन समिति व्यवस्था करने पहुंची तो पहले से भाजपा के लोग काबिज थे। ऐसे में रार बढ़ गई और पुलिस बुलानी पड़ी। इस विवाद में महापौर खुद पहुंच गई। केंद्रीय गृह मंत्री शाह के आने तथा बड़े स्तर पर बूथ सम्मेलन होने से विवाद होने पर भाजपा नेताओं में हड़कंप की स्थिति दिखी।

निगम की ओर से किसी भी पार्टी को आयोजन के लिए तीन दिन के लिए स्थल निशुल्क देने का नियम है। जबकि, 10 तारीख के कार्यक्रम के लिए भाजपा 4 तारीख से रावण का चबूतरा स्थल पर तैयारियां कर रही है। रावण के चबूतरे का एक दिन का किराया 75 हजार रुपए है। भाजपा के लिए यह स्थल 8,9 और 10 तारीख के लिए दिया गया है।

इधर 7 को गणपति महोत्सव की भजन संध्या होनी है। गणपति महोत्सव समिति की ओर से भजन संध्या 7 को होगी और इसमें हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होंगे। विशाल भजन संध्या पूरी तरह से रालोपा का ही कार्यक्रम है। आयोजन समिति मैदान खाली करने पर अड़ी है।

भाजपा का कहना है जो डोम लगाया है उसका उपयोग कर सकते हैं । उसके साथ ही मैदान में आधा हिस्सा खाली है, उसका उपयोग कर सकते हैं। नगर निगम ने दोनों पक्षों के बातचीत पर सहमति बातचीत करके हल निकालने की बात कही और यदि हल नहीं निकलता है तो निगम दोनों को हिस्से बांट देगी।

## अध्यापक की बाइक से 80 हजार रु. पार

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के जहाजपुर थाना इलाके में एक प्रधानाध्यापक की बाइक पर 80 हजार रुपये की नकदी व दस्तावेज से भरा बैग अज्ञात उड़ा ले गया। बता दें कि इस दौरान प्रधानाचार्य बाइक घूमा रहे थे, पत्नी भी उनके साथ थी, लेकिन वारदात की भनक हाथों-हाथ नहीं लगकर बैंक से बस स्टैंड पहुंचने पर लगी । वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश सीसी टीवी कैमरे में भी कैद हुए हैं।

संतोष नगर जहाजपुर निवासी व दलपुरा स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात नंदकिशोर पुत्र ओमप्रकाश पत्रिया मंगलवार दोपहर बैंक कार्य से पत्नी के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा गये थे। बैंक कार्य निबटा कर दोनों पति-पत्नी बाहर निकले। अध्यापक ने ने बाहर खड़ी बाइक पर 80 हजार रुपये, स्वयं, पत्नी और बेटी के दस्तावेज रखा बैग टांग दिया। पत्रिया बाइक को पैदल ही घुमाने लगे, तभी दो बदमाश यह बैग ले उड़े। इसकी भनक हाथों-हाथ पत्रिया व उनकी पत्नी को नहीं लग पायी। पत्रिया को यह राशि बस स्टैंड पर जगदीश मंत्री को देनी थी। बैंक से बाइक पर बैठकर पति-पत्नी बस स्टैंड पर मंत्री के पास पहुंचे, जहां उन्हें पता चला।

# एक ही रात में तीन दुकानों के शटर तोड़े

## कस्बे की सब्जी मंडी के पीछे हुई चोरी की वारदात

**बयाना,** (निस)। कस्बे की सब्जी मंडी के पीछे स्थित मार्केट में बीती रात्रि को चोरों ने धावा बोलकर तीन दुकानों के शटर तोड़कर उनमें रखी लाखों की नगदी व कुछ सामान को पार कर दिया। वारदात का पता सुबह लगने पर बाजार में लोगों की भीड जमा हो गई और इन वारदातों को लेकर रोष जाहिर करते हुए पुलिस प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी हुई।

वारदात की सूचना पर कोतवाली प्रभारी हरिनाराण मीणा पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। व्यापार संघ के पूर्व अध्यक्ष पवन गोयल ने जानकारी दी कि पीड़ित व्यवसाई राजू गुप्ता ने बताया कि अज्ञात चोर उसकी दुकान में रखी करीब पौने दो लाख की नगदी को, सुनील अग्रवाल की दुकान में रखी करीब 25 हजार की नगदी व सुनील नत्थी की दुकान में रखी करीब 30 हजार की नगदी को पार कर ले गए है।

तीनों दुकानें परचून की व आस-पास है। जिनकी शटर तोडने का तरीका भी बिलकुल एक जैसा था। चोरों की



थाना परिसर में धरना देते किराना व्यापारी।

यह करतूत एक सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। जिन्होंने रात्रि 12 से 1 बजे के बीच में वारदात को अंजाम दिया है। जिसके बाद किराना कारोबारियों ने कस्बे में नारेबाजी व जुलूस प्रदर्शन कर विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन कर रहे किराना कारोबारी युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष ऋषि बंसल व्यापार संघ अध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे और कोतवाली में भी जमकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। जो पुलिस अधिकारियों की समझाइश पर माने। व्यापारियों ने चोरी की वारदात का शीघ्र खुलासा ना होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है।